12 नंद उत्सव के निमित्त गोकुल-धाम बना ...

12 गुरुकुल उन्नयन को लेकर मुख्यमंत्री ...

खबर संक्षेप

किया प्रताड़ित, ससुराल वालों पर अपराध दर्ज

महासमुंद। सिटी कोतवाली में स्थानीय बीटीआई रोड निवासी एक महिला ने ससुराल वालों के विरूद्ध प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया है कि डिगेश्वरी साहू पति मिथलेश साहू साकिन बीटीआई रोड महासमुंद द्वारा अपने पति, सास, ससुर, ननद के द्वारा प्रताड़ित करने की शिकायत की है, जिस पर 494, 498 ए आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। बसना थाना क्षेत्र के ग्राम जेवरा खाना बनाने की बात से महिला मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया है कि सेतबाई बरिहा उसके पति अमर बरिहा खेत से आया व खाना बनाने के लिए कहा, उस समय स्वास्थ्य ठीक नहीं होने के कारण प्रार्थिया ने खाना बनाने में असमर्थता जताई, इसी बात को लेकर अमर बरिहा ने गाली गलौज कर घर के आंगन में रखे लोहे के धारदार टंगिया से मारा। जिससे दाहिने हाथ में चोट आई है। उसके बाद अमर बरिहा ने टंगिया के पीछे भाग से पीठ पर मारा। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 118(1), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

शराब पीने की बात को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम बड़ेटेमरी में एक व्यक्ति से मारपीट करने का मामला सामने आया है। प्रार्थी तुलसीदास मानिकपुरी ने पुलिस को बताया है कि मेरा मोटर सायकल जो बिगड़ गया था, जिसे लेने के लिए मोटर सायकल से खेमराज पटेल के साथ चौक के पास गया था। गाड़ी मिस्त्री नहीं होने से चौक से वापस अपने घर जा रहा था। गोविंदो पंडित दुकान के पास पहुंचा था तभी प्रकाश देवता, आकाश देवता, लक्ष्मीकांत विशाल और दुर्गेश देवता एक राय होकर आये व दुर्गेश देवता बोला कि मेरे पिताजी को शराब पी रहा है कहकर क्यों बताए हो कहते हुए गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करके जान से मार देंगे कहकर धमकी दी है। पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपियों पर धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत अपराध कायम किया गया है।

एक्सीडेंट में दो घायल

महासमुंद। स्कूटी से महासमुंद लौट रहे दो लोग कार की ठोकर से घायल हो गए। प्रार्थी जुनेद पिता नजीरूद्दीन कुरैशी निवासी वार्ड नंबर 13 स्टेशन रोड ने खल्लारी पुलिस को बताया कि 6 अगस्त को पिता नजीरूद्दीन कुरैशी अपने दोस्त निजामुद्दीन के साथ अपने मोटर सायकल स्कूटी क्र. सीजी06 जीएल 3369 में आयुर्वेदिक उपचार हेतु ग्राम पतेरापाली गए थे। उपचार के बाद वापस महासमुंद लौट रहे थे। दोपहर करीब 2 बजे करीबन ग्राम अंवराडबरी के पास बारिश होने के कारण रूकने के लिए वाहन को किनारे कर रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार क्र. सीजी04 एमसी 8256 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरे पिताजी के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे मेरे पिता एवं उनके दोस्त निजामुद्दीन को काफी गंभीर चोट आई है। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

कार्रवाई : ग्राम भोथा निवासी मनोज तिवारी की मौत का मामला

कोमाखान थाना में तीन माह बाद दर्ज हुई एफआईआर, सभी संदेही फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत की जुगत में लगे हैं संदेही, मामला संवेदनशील बताकर आरोपियों के नाम का खुलासा नहीं

कथित ब्लैकमेलिंग और प्रताड़ना के आरोपियों के फरार होने के बाद अंततः जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम भोथा निवासी मनोज तिवारी की मौत मामले में कोमाखान पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले के वे नाम जिन पर शंका जाहिर करते हुए मृतक की पत्नी यामिनी तिवारी ने घटना के माह भर बाद पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई, वे सभी फरार हैं। इधर, कोमाखान पुलिस ने मामले को संवेदनशील बताया है और एफआईआर की कॉपी परिजनों तक को नही दी गई है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रताड़ना के आरोप में एफआईआर दर्ज की है, जिसमें कुछ लोगों द्वारा ब्लैकमेलिंग और मानसिक उत्पीड़न के चलते आत्महत्या के लिए विवश करने की बात सामने आई है। मजे की बात यह है कि मामले के सभी आरोपी पहले से फरार हो चुके हैं और बिलासपुर न्यायालय में पहले ही अपनी अग्रिम जमानत की तैयारी में जुट गए हैं। मामले में मृतक की पत्नी ने जिन लोगों के नाम पर शंका जाहिर करते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगाई थी उनमें प्रमुख तौर पर कोमाखान ब्रांच मैनेजर नरेंद्र ठाकुर, हलधर यादव शामिल हैं।

सूत्रों की मानें तो दिलीप चक्रधारी, धूप सिंह ठाकुर, कई धान व्यापारी और समिति के भी कर्मचारी इन दिनों क्षेत्र से नदारद बताए जा रहे हैं, कतिपय अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय की शरण में हैं। विधि विशेषज्ञों की मानें तो पुलिस द्वारा तीन माह तक जांच में हीला-हवाला किया गया लेकिन, बढ़ते दबाव के चलते अंततः एफआईआर तो की गई लेकिन, इससे पहले ही मामले के संदिग्धों को फरार होने के लिए पर्याप्त अवसर भी दिया गया। इधर, पुत्र की मौत के सदमे में मनोज तिवारी के पिता शीतल तिवारी की भी मौत इस बीच हो गई।

अपराध : पीएम रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा, हत्या की आशंका, विवेचना शुरू

पेड़ से लटकती मिली सेल्समैन की लाश, हत्या की आशंका, डॉग स्क्वायड की मदद ले रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नीम पेड़ में लटकी मिली लाश

ब्लेकमेलिंग से परेशान था मृतक

जिले के कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम बिन्द्रावन लोदामुड़ा खार में मनोज तिवारी की लाश संदिग्ध अवस्था में 16 मई 2024 को मिली। घटनास्थल के हालात प्रथम दृष्ट्या ही संदिग्ध रहे जिसके पीछे गहरा षड़यंत्र होने और चार-पांच लोगों के शामिल होने की बात सामने आई। जानकारी मिली है कि मनोज को कुछ लोग लगातार ब्लैकमेल कर रहे थे, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान था।

इन बिंदुओं पर हुई थी जांच की मांग

मृतक की पत्नी यामिनी तिवारी ने एसपी से की गई जांच की मांग में जिन बिंदुओं का उल्लेख किया था उनमें बताया गया कि मनोज के चेहरे पर चोट के निशान थे। शव को आनन-फानन में उतार दिया गया। सुसाईड नोट में नरेंद्र ठाकुर और हलधर यादव द्वारा फंसाए जाने की बात लिखी थी। प्रबंधक नरेंद्र ठाकुर ने 25 लाख रुपए पदोन्नति दिलाने का प्रलोभन देकर प्राप्त किए। मानसिक तौर पर परेशान था और मरने के पहले मृतक ने फोन पर हलधर यादव और नरेंद्र ठाकुर की वजह से मरने की बात कही थी। मनोज तिवारी की मौत की सूचना पर हलधर यादव सबसे पहले पहुंचा और पुलिस सांठगांठ के चलते साक्ष्यों से छेड़खानी हुई। मौत के पहले 15 मई की शाम मनोज तिवारी ने यामिनी को किए आखिरी कॉल पर बताया शाम 7 बजे हलधर यादव ने बुलाया है।

पुख्ता सबूत का है इंतजारः टीआई

मामले में कोमाखान टीआई नितेश सिंह ने कहा है कि मामले में जांच जारी है और पुख्ता सबूतों की छानबीन के चलते इसे संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। एफआईआर की प्रति परिजनों को कहीं से भी मिल सकती है। फिलहाल, छुट्टी में हूं, मामले में ज्यादा जानकारी के लिए एसडीओपी साहब से संपर्क कर लेवें।

भालू के आतंक से गांव के लोग परेशान, शाम होते ही घर में दुबकने हुए विवश

वन विभाग के साथ प्रशासन से कई बार किया गया आग्रह, लेकिन इस दिशा में उनका प्रयास शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बागबाहरा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुलिया में भालुओं की आतंक से ग्रामीणों की परेशानी बड़ी हुइ एवं लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार पिछले दो साल से भालुओं का एक दल गांव में डेरा जमाए हुए हैं। भालू दिन में गांव से लगे जंगल में रहते हैं और रातभर गांव की गलियों में घूमते हैं। गलियों में भालुओं की चहल-कदमी ने ग्रामीणों को शाम होते ही घर में दुबकने पर विवश कर दिया है। कई बार तो दिन में भी भालू गांव की बाड़ी और झाड़ी में छिपे दिख जाते हैं। भालू सिर्फ गलियों में ही नहीं घूमते बल्कि, शाम होते ही उत्पात मचाना शुरू कर देते हैं। गांव के बंद दरवाजों में दस्तक देते हुए वे किसी व्यक्ति के पहुंचने की तरह कि खटखटाते हैं। दरवाजा नहीं खोलने पर उसे तोड़ या खोलकर भीतर घुस जाते हैं। घरों की रसोई में रखे राशन सामग्रियों को न सिर्फ खाते-पीते हैं बल्कि बिखराकर उसे खराब भी कर दे रहे हैं।

हमले से कई ग्रामीण हो चुके हैं जख्मी

पूर्व उपसरपंच टेशलाल सिन्हा ने बताया कि कुछ दिन पहले तीन-चार भालुओं ने उनका पीछा किया और गिरा दिया। जिससे उनके हाथ में फ्रेक्चर हो गया है। उन्होंने बताया कि भालुओं के हमले से गांव के कई ग्रामीण जख्मी हो गए हैं। वन विभाग ग्रामीणों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। उनका कहना है कि भालुओं की आवाजाही से ग्रामीणों में दहशत का महौल बना हुआ है।

पहले 2 भालू आते थे अब बढ़ रही संख्या

ग्रामीण केशव साहू ने बताया कि दो साल पहले दो भालू आते थे, लेकिन अब उनकी संख्या बढ़ती जा रही है। गांव के अलग-अलग मोहल्लों में दो-दो, तीन-तीन की संख्या में दल बनाकर रहते हैं। किचन में रखे टिन को फोड़कर तेल पी जाते हैं। भालुओं की ताकत इतनी है कि पूरा दरवाजा उठाकर निकाल देते हैं। आलम यह है कि रात में लोग डर-डर कर सोते हैं।

धान की फसलों पर तना छेदक का कहर, कृषकों की बढ़ गई दिक्कतें

बीमारियों से बचाव के लिए दवा का कर रहे छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

धान की फसलों पर इन दिनों तना छेदक नामक बीमारी का प्रकोप बढ़ गया है। धान की बाली का ग्रोथ जैसे ही डेढ़ से दो फीट हुआ है, वैसे ही तनाछेदक ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है। जिसके चलते कृषकों की चिंता बढ़ गई है। फसलों को बीमारियों से बचाव को लेकर कृषक दवा का छिड़काव अपने खेतों में कर रहे हैं।

गौरतलब है कि जिले के 2 लाख 65 हजार हेक्टर जमीन पर किसान धान सहित अन्य फसलों की पैदावार लेते हैं। इन दोनों किसान खरीफ की फसल में प्रमुख रूप से धान की खेती कर रहे हैं। सावन के प्रथम पखवाड़े में पर्याप्त बारिश होने के बाद बोआई, रोपाई का काम पूरा कर चुके हैं और जैसे ही भादो में हो रही अच्छी बारिश के बाद खेतों में धान की फसल लहलहाने लगी है। वैसे ही फसलों पर तनाछेदक नामक कीट का प्रकोप बढ़ गया है। फसलों पर इन दोनों तना छेदक बीमारियों के चलते किसानों की परेशानी बढ़ गई है। जिसके चलते किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीर देखी जा रही हैं। उन्हें अपनी फसल खराब होने की चिंता सता रही है। इधर, ऐसे धान की फसल जो प्रमुख रूप से जो पौधा 40 दिन का हो गया है, उसे तना छेदक बीमारी से बचाव के लिए किसान अपने खेतों में दानेदार दवा का छिड़काव कर रहे हैं। बता दें कि तना छेदक में प्रमुख रूप से धान की उत्पादन क्षमता प्रभावित होती है। वहीं, बीमारियों के चलते फसल का हरापन मर जाता है, जिसका असर उत्पादन पर पड़ता है।

ली जा रही जानकारी

उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि फसलों में किस तरह की बीमारी आ रही है, उसकी जानकारी लेकर बचने की हिदायत दिया जा रहा है। जिले में तनाछेदक का प्रकोप ज्यादा नहीं बढ़ा है। जब तक प्रति वर्गमीटर में 5-6 कीट न हों, दवाई का छिड़काव नहीं किया जाना चाहिए। यदि बढ़ गया है, तो कार्बोफ्लोरान दवाई का इस्तेमाल 5-7 किग्रा प्रति एकड़ किया जाना चाहिए।

गुड़ेलाभाठा में महि कीट का प्रकोप

जिला मुख्यालय पहुंचे ग्राम पंचायत मुनगासेर के आश्रित ग्राम गुड़ेलाभाठा के किसानों ने बताया कि गांव की बस्ती में महि कीट का प्रकोप बढ़ गया है। गली में इसकी तदाद इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि बस्ती में चलना मुश्किल हो गया है। यहां तक कि घरों में भी ये कीट घुस जा रहे हैं। हालांकि, इससे किसी प्रकार नुकसान नहीं हो रहा। लेकिन, इसकी बढ़ती तदाद से गांव वाले परेशान हो गए हैं।

ट्रैक्टर पलटने से दबे 2 मजदूर, एक की मौत

महासमुंद। सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगारपुर के पंचायत भवन के सामने ट्रैक्टर पलट जाने से दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच पड़ताल के दौरान पुलिस को गवाहों एवं मृतक के परिजनों ने अपने कथन में बताया कि गांव के पंचायत भवन के सामने में सीसी रोड़ निर्माण कार्य चल रहा है, जिसमें 10 अगस्त 2024 को किशन बरिहा अपने दोस्तों के साथ मजदूरी करने गया था। दोपहर करीब 3 बजे ट्रैक्टर ट्राली से सीमेंट खाली करते समय ट्रैक्टर चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक बिना सुरक्षा मानदंड का पालन करते हुए ट्रैक्टर ट्राली को खड़ी कर दिया था, जिससे ट्राली पलट गई। किशन बरिहा व संतोष पटेल ट्राली के नीचे दब गए। उन्हें घायल अवस्था में सीएचसी पिथौरा ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने किशन बरिहा को चेक कर मृत घोषित कर दिया। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने आरोपी आयशर ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीपी 8649 ट्राली के चालक के खिलाफ 125(ए), 106(1) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

LEELA DEVI COLLEGE OF NURSING & PHARMACY
JOIN THE WORLD CLASS CAMPUS FOR PROFESSIONAL STUDIES
B Sc NURSING [60 SEATS]
Diploma In PHARMACY [60 SEATS]

World Class Infrastructure
Best Sports Complex & Facilities
Hostel and Transport Facility
Highly Equipped Laboratories
Rich library with 5000 Books
Green and Hi-tech Campus
Qualified and Experienced Faculties
108 beded Parent Hospital

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड तह. पाटन, जिला. -दुर्ग
9131880895, 8319870997
6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
83700 77700, 7024125200
www.leelasgroup.com

खबर संक्षेप

राज्यपाल और साय से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष बैज ने मांगा मिलने का समय

रायपुर। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को चिट्ठी लिखकर मुलाकात का समय मांगा है। उन्होंने कहा, डीपीएस में 4 साल की बच्ची के साथ दुराचार के मामले के साथ राज्य में लगातार आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। चोरी, लूट, हत्या जैसी घटनाओं को लेकर राज्यपाल रमेन डेका और सीएम साय को ज्ञापन सौंपेंगे।

भाजपा कार्यकर्ता ने की आत्महत्या, कांग्रेस समिति करेगी जांच

रायपुर। भाजपा कार्यकर्ता संतोष कुमार पटेल की 2 दिन पहले रेलवे ट्रेक पर सिर कटी लाश मिली थी। आत्महत्या के मामले में सियासत हो शुरू हो गई है। आरोप है कि पटेल के साथ कुछ दिनों पहले मारपीट हुई थी, इसकी शिकायत धरसींवा थाने में की गई थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इससे दुःखी होकर पटेल ने अपनी जान दे दी। घटना के बाद धरसींवा के थानेदार और हवलदार को लाइन अटैच किए जाने को भी इससे जोड़कर देखा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी ने घटना की सच्चाई सामने लाने के लिए एक 6 सदस्यीय कमेटी बनाई है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने इस समिति का संयोजक खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव को बनाया गया है। विधायक संदीप साहू और इंद्र साव के साथ राज्यसभा की पूर्व सदस्य छाया वर्मा और धरसींवा की पूर्व विधायक अनिता शर्मा को सदस्य बनाया गया है।

प्रीति को कांग्रेस ने बनाया डोडा का पर्यवेक्षक

रायपुर। जम्मू कश्मीर के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ से महिला नेत्री प्रीति उपाध्याय शुक्ला को डोडा वेस्ट निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्ति किया है। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा ने आदेश जारी कर उन्हें वहां की जिम्मेदारी संभालने कहा है। इसके पूर्व राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें झारखंड में सिमडेगा तथा गुमला की जिम्मेदारी दी थी। उनकी कार्यशैली को देखते हुए उन्हें पुनः राष्ट्रीय स्तर की जिम्मेदारी दी गई है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका भर्ती, 10 तक आवेदन

रायपुर। कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना कोण्डागांव-2 द्वारा आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार 10 सितंबर तक अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। सहायिका पद के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास होना आवश्यक है तथा आवेदक का उसी ग्राम का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु 18 से 44 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

देशव्यापी साक्षरता सप्ताह आज से, 8 को समापन

रायपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत लागू किए गए उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के सभी वर्गों में शिक्षा का प्रचार-प्रसार करने के उद्देश्य से 1 से 8 सितंबर देशव्यापी साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शिक्षा और साक्षरता पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साक्षरता सप्ताह का समापन 8 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाएगा। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी ने बताया कि इस साक्षरता सप्ताह के दौरान, पूरे देशभर में, जिला, ब्लॉक, नगरीय क्षेत्रों और ग्राम पंचायतों के साथ-साथ प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से बुनियादी साक्षरता, महत्वपूर्ण जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल, और सतत शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

निगम, मंडल, आयोग की पहली सूची में होंगे एक दर्जन नाम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की राष्ट्रीय नेताओं के साथ बैठक में बन चुकी है सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब निगम, मंडलों और आयोगों में नियुक्तियों को लेकर कवायद चल रही है। नगरीय निकाय चुनाव की आचार संहिता लगने से पहले पहली सूची जारी करने की तैयारी है। इस सूची में करीब एक दर्जन नाम होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दिल्ली के दौरों में राष्ट्रीय नेताओं के साथ पहली सूची पर सहमति बन चुकी है। सभी को सूची का इंतजार है। सूची कभी भी जारी हो सकती है। इधर मप्र में भी निगम, मंडलों और आयोग में नियुक्तियों को लेकर तैयारी चल रही है। मप्र के भाजपा अध्यक्ष बीडी शर्मा एक सूची लेकर दिल्ली गए हैं। संभावना है कि मप्र और छत्तीसगढ़ की सूची आगे-पीछे या फिर एक साथ जारी हो सकती है।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब तक निगम, मंडल और आयोगों में नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। सरकार बनने के बाद लोकसभा का चुनाव आ गया, इसको लेकर आचार संहिता लग गई। ऐसे में सभी लोकसभा के चुनाव में व्यस्त हो गए। अब लोकसभा का चुनाव निपट चुका है। इसी के साथ प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल को लेकर भी जो कवायद चल रही थी, उस पर फिलहाल विराम लग गया है। मंत्रिमंडल के विस्तार के लिए अभी लंबा इंतजार करना पड़ेगा ऐसा कहा जा रहा है। इस बीच अब यह बात सामने आ रही है कि दर्जनभर निगम, मंडलों में नियुक्ति की तैयारी हो गई है।

सूची का इंतजार

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा का दो दिनों का दिल्ली दौरा हुआ है। इस दौरे में मुख्यमंत्री श्री साय और दोनों डिप्टी सीएम की केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ ही अन्य मंत्रियों से तो मुलाकात हुई है, साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात हुई है। इस मुलाकात में कुछ निगम, मंडलों में नियुक्तियों को लेकर सहमति बनने की बात सामने आ रही है। जब श्री साय और दोनों डिप्टी सीएम दिल्ली से लौटे थे तभी कहा जा रहा था कि सूची जल्द आ जाएगी, लेकिन इसके बाद फिर से सूची अटक गई। कुछ समय पहले तीन दर्जन प्रस्तावित नामों की एक सूची भी वायरल हो चुकी है। हालांकि इस सूची को लेकर भाजपा के पदाधिकारियों ने साफ कहा है कि यह सूची सही नहीं है। लेकिन जानकारों का कहना है कि इसी तरह की प्रस्तावित सूची राष्ट्रीय नेताओं के सामने रखी गई थी जिसमें से एक दर्जन नामों पर सहमति बन चुकी है। अब यह पहली सूची कब जारी होगी, इसका इंतजार सबको है। जानकारों का कहना है, पहली सूची में ज्यादातर नाम संवैधानिक पदों के होंगे, इसी के साथ कुछ अहम निगम और मंडलों में नियुक्ति होगी।

भाजपा का सदस्यता अभियान 6 सितंबर से बूथों से होगा प्रारंभ

बूथ स्तर से बनेगी सभी सदस्यों की कुंडली प्रदेश संगठन के पास भी रहेगा अब पूरा रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भाजपा का सदस्यता अभियान तीन सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। हालांकि 6 सितंबर को बूथों से सामान्य लोगों को सदस्य बनाने का काम प्रारंभ होगा। इस बार जहां मिस काल से सदस्य बनेंगे, वहीं बूथ स्तर से ही सभी सदस्यों की पूरी कुंडली बनाकर रखी जाएगी। बूथों के बाद शक्ति केंद्र, मंडल, जिलों और फिर प्रदेश स्तर पर भी सभी सदस्यों का रिकॉर्ड रखा जाएगा। इसके पहले मिस कॉल करके सदस्य बना दिए जाते थे, लेकिन यहां पर रिकॉर्ड नहीं रहता था, लेकिन इस बार जिनको भी ऑनलाइन सदस्य बनाया जाएगा, उनका ऑफलाइन रिकॉर्ड भी रखा जाएगा।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने अपने पुराने 18 करोड़ सदस्यों की सदस्यता रद्द करके नए सिरे से देशभर में सदस्यता अभियान सितंबर से चलाने का फैसला किया है। इसको लेकर छत्तीसगढ़ भी लगातार तैयारी चल रही है। मडंलों से लेकर जिलों और अब अंत मं संभाग स्तर की बैठक करके तैयारी पूरी कर ली गई है। सबकी जिम्मेदारी भी तय हो गई है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एक वार रूम भी बना दिया गया है। प्रदेश संगठन ने 50 लाख से ज्यादा सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया है। हर बूथ में 200 सदस्य बनाए जाएंगे। प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ है। ऐसे में 50 लाख का लक्ष्य आसानी से पूरा हो जाएगा।

ऑफलाइन भी भरेंगे फार्म

सदस्यता के लिए एक मोबाइल नंबर जारी किया गया है। इसमें मिस कॉल करने पर सदस्य बन जाएंगे। मिस कॉल करने पर मिस कॉल करने वाले के मोबाइल में एक मैसेज आएगा। उसमें सदस्य बनने वाले को अपनी पूरी जानकारी देनी होगी। चूंकि प्रदेश संगठन ने तय किया है कि प्रदेश में भी सदस्यों का पूरा रिकॉर्ड रखा जाना है, इसलिए तय किया गया है कि बूथों में जिनको भी सदस्य बनाया जाएगा, उनका ऑफलाइन रिकॉर्ड भी रखा जाएगा। रायपुर जिले के संयोजक सत्यम दुआ ने बताया, रायपुर सहित प्रदेश में जहां भी सदस्य बनाएं जाएंगे, उनका ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन फार्म भी भरा जाएगा ताकि रिकॉर्ड रखा जा सके। इसके लिए सभी बूथों के लिए फार्म दिए गए हैं। सबसे पहले बूथों में सदस्यों का फार्म देखकर एक रजिस्टर बनाया जाएगा जिसमें सदस्यों के नाम लिखे होंगे। बूथों में जितने भी सदस्य बनेंगे, उसका पूरा रिकॉर्ड शक्ति केंद्रों को भेजा जाएगा। शक्ति केंद्र अपने पास रिकॉर्ड रखने के साथ रिकॉर्ड की एक प्रति मंडलों को भेजेंगे। इसी तरह से मडंलों से रिकॉर्ड जिलों और जिलों से प्रदेश संगठन के पास जाएगा। ऐसे में हर स्तर पर सदस्यों का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा।

सभी संभागों में हुई कार्यशाला

सदस्यता अभियान को लेकर शनिवार को सभी पांच संभागों रायपुर, दुर्ग, बस्तर, बिलासपुर और सरगुजा में कार्यशाला की गई। इसमें क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सदस्यता प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव और प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव सहित सभी प्रमुख पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का अभियान के संदर्भ में प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से मार्गदर्शन किया।

महापौर ढेबर ने केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात

रायपुर के विकास के मुद्दों पर हुई विशेष चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के महापौर एजाज़ ढेबर ने नागपुर प्रवास के दौरान केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके निज निवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने रायपुर के विकास के मुद्दों पर चर्चा की।

नागपुर प्रवास के दौरान महापौर एजाज ढेबर ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राजधानी रायपुर में गौरवपथ रोड, तेलीबांधा से टाटीबंध रोड तक फ्लाईओवर निर्माण के लिए उचित धन राशि प्रदान करने का आग्रह किया। श्री ढेबर ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि फ्लाईओवर निर्माण से रायपुर की जनता को विशेष सुविधा होगी। यही नहीं, लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। खासकर भिलाई और महासमुंद की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए फ्लाईओवर बेहद कारगर सिद्ध होगा।

रायपुर के विकास एवं जन सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए महापौर एजाज ढेबर ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से लाइट बुलेट ट्रेन के एमओयू के संबंध में भी चर्चा की। विदित हो, पिछले दिनों मास्को में हुए इंटरनेशनल ट्रांसपोर्ट मीट में मास्को के मेयर एवं ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर के साथ लाइट बुलेट ट्रेन के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये जाने के मामले को लेकर विपक्ष ने महापौर एजाज ढेबर पर आरोप भी लगाए थे। इनका जवाब महापौर की ओर से दिया गया।

आज सीएम निवास पर तीजा पोरा का कार्यक्रम, महतारी वंदन की किस्त जारी होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महतारी वंदन योजना के तहत सीएम विष्णुदेव साय प्रदेश की माताओं और बहनों को तीजा की खुशियां देने जा रहे हैं। तीजा पर्व पर महतारी वंदन योजना की अगली किस्त उनके खाते में आएगी। तीजा पर माताओं बहनों को यह सौगात देने की पूरी तैयारी सरकार ने कर ली है। प्रदेश की करीब 70 लाख माताओं और बहनों को यह राशि जारी होगी।

सीएम विष्णुदेव साय दो सितंबर को सीएम निवास में आयोजित होने वाले तीजा पोरा महतारी वंदन तिहार के मौके पर यह सौगात देंगे। सीएम महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की समस्त हितग्राही महिलाओं को इस योजना की अगली किस्त जारी करेंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से ट्विट में पोस्ट कर महतारी वंदन योजना की नई किस्त देने को लेकर पुष्टि की गई है। सीएमओ छत्तीसगढ़ से किए गए पोस्ट में सीएम विष्णुदेव साय ने लिखा है कि माता-बहनों को फिर से खुशियों का नोटिफिकेशन मिलेगा। 2 सितम्बर को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित होने वाले तीजा-पोरा महतारी वंदन तिहार के मौके पर 70 लाख से ज्यादा महतारी बहनों को उपहार स्वरूप महतारी वंदन योजना की सातवीं किस्त जारी करूंगा। यह राशि हमारी माता-बहनों के तीजा त्योहार की खुशी को दोगुना करेगी।

सातवीं किस्त होगी जारी

सीएम दो सितंबर को महतारी वंदन योजना की सातवीं किस्त जारी करेंगे। छत्तीसगढ़ की 70 लाख माताओं बहनों को यह उपहार मिलेगा। महतारी वंदन योजना के तहत राशि सीधे योजना के हितग्राहियों के खाते में ट्रांसफर होगी।

टीम कैट ने प्रमुख लोकायुक्त इंदर सिंह उबोवेजा से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रमुख लोकायुक्त इंदर सिंह उबोवेजा से सौजन्य मुलाकात कर बधाई दी।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया, भारतवर्ष में लोकपाल जैसी संस्था स्थापित किये जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। प्रशासनिक सुधार आयोग ने अक्टूबर 1966 में प्रस्तुत किये गए अपने प्रतिवेदन में भारतीय नागरिकों के होने वाली समस्याओं का समाधान करने की कठिनाई के अंतर्गत प्रशासनिक भ्रष्टाचार, कुप्रशासन, अवचार के संबंध में कमी, प्रशासन के अपेक्षित मापदंडो में ईमानदारी और क्षमता की कमी के सम्बन्ध में जिक्र किया। तथ्यों के विश्लेषण के बाद भारतीय नागरिकों को इन समस्याओं के निदान के लिए उपलब्ध व्यवस्था और उसके स्थान पर नई व्यवस्था प्रस्तुत करने पर विचार किया गया। इसमें लोकायुक्त की नियुक्ति का प्रावधान किया गया।

श्री उबोवेजा से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में चेयरमैन मगेलाल मालू, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव,परमानंद जैन, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, प्रीतपाल सिंह बग्गा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

दक्षिण उपचुनाव की तैयारी शुरू, कांग्रेस के वार्ड प्रभारी बूथों को कर रहे सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण विधानसभा उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत आने वाले 19 वार्डों में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को प्रभारी बनाया गया है। वार्ड प्रभारी वार्डों में जाकर चुनाव के संबंध में बैठक लेकर बूथ के लोगों सक्रिय करने का प्रयास कर रहे हैं।

सभी वार्डों में बूथ कमेटी का पुर्नगठन, मतदाता सूची के अनुसार सर्वे और हर बूथ में प्रभारी नियुक्त कर बूथ कमेटी बनाने एवं बूथ स्तर की बैठक की जा रही है। उपचुनाव को लेकर वार्डों में प्रभारियों की एक बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने राजीव भवन में ली। उन्होंने सभी प्रभारियों से वार्डों के बूथ कमेटियों के संबंध में जानकारी ली। दक्षिण विधानसभा की बूथ कमेटी जहां पर सक्रिय नहीं है, वहां पर नए प्रभारियों की नियुक्ति करने के निर्देश दिए गए हैं। बताया जाता है कि उन चुनाव को लेकर विधानसभा क्षेत्र के हर वार्ड और वहां के कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक लेकर चुनाव के पहले पूरी तैयारी कर ली जाए। वहां पर चुनाव की घोषणा के पहले मतदाता सूची के आधार पर युवा मतदाताओं को पार्टी के पक्ष में करने के संबंध में कार्यक्रम करें।

पीसीसी अध्यक्ष ने ली वार्ड प्रभारियों की बैठक

वार्ड प्रभारी लगातार ले रहे बैठक

उप चुनाव की तैयारी को लेकर पिछले एक सप्ताह से प्रभारियों के द्वारा वार्डों की बैठक लेकर वहां के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से वार्ड में पार्टी की स्थिति की जानकारी लेकर उन्हें मजबूत करने के टिप्स दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहर के डॉ खूबचंद बघेल वार्ड कांग्रेस कमेटी में प्रभारी पूर्व सांसद छाया वर्मा ने भी बैठक ली। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से उपचुनाव की तैयारी के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष प्रशांत ठेंगड़ी, वार्ड अध्यक्ष सुनील ध्रुव, प्रीति सोनी, मोहम्मद नियाज, तुषार पांडे, कविता वर्मा सहित बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद लोगों की निशर्त रिहाई की मांग

भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर ने कहा- छत्तीसगढ़ में जाति जनगणना होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीम आर्मी चीफ और यूपी के नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद ने छत्तीसगढ़ में जातिगत जनगणना कराने की मांग की है। छत्तीसगढ़ में जाति जनगणना होनी चाहिए और राज्य में अनुसूचित जातियों के लिए 16 प्रतिशत कोटा बहाल किया जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ में अनुसूचित जातियों को 16 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा था, जिसे जाति जनगणना कराए बिना घटाकर 12 प्रतिशत कर दिया गया। राज्य सरकार को जाति जनगणना करानी चाहिए और जनसंख्या के आधार पर 16 प्रतिशत कोटा बहाल करना चाहिए। चंद्रशेखर आजाद ने बलौदाबाजार हिंसा की सीबीआई जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा, विजय स्तंभ को नुकसान पहुंचाने की घटना की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो से कराई जानी चाहिए। बलौदाबाजार आगजनी की घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए लोगों की बिना शर्त रिहाई की जानी चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार पर ऐसे लोगों को साजिश के तहत गिरफ्तार करने का आरोप लगाया।

राजधानी रायपुर पहुंचने पर भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने छत्तीसगढ़ की सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, मैं और हमारी पार्टी की छत्तीसगढ़ में यात्राएं होंगी। आज हमारी यात्रा का मुख्य चरण है। हम समाज को एकजुट करेंगे और सरकार के अत्याचारों को लेकर आंदोलन करेंगे। बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद लोगों की रिहाई को लेकर रायपुर के साइंस कालेज मैदान पर आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी ने जनसभा का आयोजन किया। चंद्रशेखर आजाद ने कहा, आज जो लोग जेल में हैं, उन लोगों ने आपके हितों की रक्षा की है। जब वो बाहर आएंगे तो फूल से उनका स्वागत करेंगे।

जेल से रिहा नहीं हुए तो छग में कदम नहीं रखूंगा

अगर अक्टूबर तक सतनामी समाज के लोगों को जेल से रिहा नहीं किया गया, तो मैं छत्तीसगढ़ में कदम नहीं रखूंगा। अगर हमें भूख हड़ताल करनी पड़ी, प्रदर्शन करना पड़ा, सड़कों पर उतरना पड़ा, तो हम सब कुछ करेंगे। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो मैं छत्तीसगढ़ में कभी अपनी शक्ल नहीं दिखाऊंगा।

अब आर-पार की लड़ाई

चंद्रशेखर ने कहा, मैं आपकी ताकत को जनता हूं। एक इशारा कर दूं, तो छत्तीसगढ़ बंद हो जाएगा, लेकिन मैं चाहता हूं आप लोग संवैधानिक रूप से चलें। मैं वादा करता हूं, जब तक जेल में बंद लोग छूटेंगे नहीं आंदोलन करेंगे। अब आर-पार की लड़ाई है। 1 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ भवन का घेराव करेंगे।

एनएसयूआई ने बढ़ते अपराधों के विरोध में निकाली मशाल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डीपीएस भिलाई में 4 साल की बच्ची से छेड़छाड़ और प्रदेश में लगातार हो रही अनाचार की घटनाओं के खिलाफ एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मशाल यात्रा निकाली। एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में गांधी मैदान कांग्रेस भवन से गांधी प्रतिमा आज़ाद चौक तक मशाल यात्रा निकाली गई।

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने कहा, डीपीएस में 4 साल की अबोध बच्ची के साथ हुई छेड़छाड़ की गंभीर घटना बेहद दुखद है। नियमानुसार पहले इस मामले में एफआईआर कर जांच की जानी थी। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड के सामने बच्ची का परीक्षण क्यों नहीं करवाया? इस पूरे मामले में एसपी का बयान भी बेहद ही गैर जिमेदाराना तथा आरोपियों को बचाने वाला है।

खबर संक्षेप

अधिवक्ता उमाशंकर को एससीएसटी कोर्ट और विमला को पास्को कोर्ट की जिम्मेदारी

रायपुर। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के लगभग 6 माह बाद छत्तीसगढ़ शासन के विधि और विधायी कार्य विभाग, मंत्रालय द्वारा विगत दिनों आदेश जारी करते हुए यास्मीन बेगम विशेष लोक अभियोजक (पीओएससीओ) के स्थान पर विशेष न्यायालय, पास्को में राज्य की ओर से पैरवी करने के लिए अधिवक्ता विमला तांडी को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया है। इसी तरह नीलेश ठाकुर विशेष लोक अभियोजक के स्थान पर विशेष न्यायालय अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 में राज्य की ओर से पैरवी करने के लिए अधिवक्ता उमाशंकर वर्मा को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया गया।

संजय बने छग स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष

रायपुर। एक निजी होटल में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन की 43वीं

वार्षिक आमसभा और द्विवार्षिक चुनाव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के सदस्य और पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से फिर से संजय त्रिपाठी को छत्तीसगढ़ स्टील री-रोलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसी दौरान दीपक बजाज दिल्ली के एक टॉक शो का बेहतरीन आयोजन भी किया गया, जिसमें लोगों को प्रशिक्षित किया गया। इस वार्षिक आमसभा में कमल शारडा, दिनेश अग्रवाल, नरेंद्र गोयल, रमेश अग्रवाल, बिशंभर अग्रवाल, जेपी अग्रवाल, विजय गोयल, अनिल अग्रवाल, अंकित केडिया, मनोज केडिया, संजय बोथरा, आशीष बोथरा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

शासकीय महाविद्यालय में हुआ एनिमेशन पर वेबिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा के कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल तथा एरेना एनिमेशन बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में एनिमेशन विषय पर वेबिनार हुआ। मुख्य वक्ता संदीप गुप्ता एमडी एरेना एनिमेशन द्वारा गूगल मीट के ऑनलाइन प्लेटफार्म में एवीजीसी क्षेत्र में करियर, नौकरियां, अवसर और प्लेसमेंट पर अपना व्याख्यान दिया। एनिमेशन वीएफएक्स गेमिंग कॉमिक्स के अंतर्गत एनिमेशन के इतिहास व प्रकार जैसे स्टॉप मोशन, 2डी, सेल, क्लासिकल, मोशन ग्राफिक्स, 3डी एनीमेशन में मॉडलिंग, टेक्सचरिंग, लाइटिंग रिगिंग, कैमरा ट्रैकिंग को विस्तार से बताया।

उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से आपको एवीजीसी क्षेत्र में रोमांचक करियर के अवसरों को समझने, सफलता के लिए आवश्यक कौशलों को जानने, और इस गतिशील उद्योग में अपनी जगह सुरक्षित करने के रास्तों को जानने में सहयोग प्राप्त होगा।

कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल के संयोजक गजानंद नायक द्वारा राष्ट्रीय अप्रेंटिसिप ट्रेनिंग स्कीम के बारे में बताया कि इसके माध्यम से प्रशिक्षण के लिए न्यूनतम 9000 की राशि प्रतिमाह प्रशिक्षण के लिए शासन प्रदान करेगी तथा सभी छात्रों को इसके पोर्टल में पंजीयन के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य अनिता पटेल द्वारा कार्यक्रम को छात्रों के कैरियर के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताते हुए एरेना एनीमेशन का धन्यवाद ज्ञापन किया। वेबिनार के अंत में छात्रा योगिता प्रधान द्वारा छात्रों की तरफ से अपने सारे जिज्ञासाओं को शांत किया।

इस वेबिनार में सहायक प्राध्यापकगण कमला बाई दीवान, किरण कुमारी, जितेंद्र पटेल, रमेश पटेल, अंजेला लकड़ा, रश्मि निबर्गिया, रितुराज भोई, माधुरी प्रधान सहित लगभग 200 डिजिटल प्लेटफार्म से जुड़कर लाभान्वित हुए।

जागरुकता रैली

महासमुंद। अंतरराष्ट्रीय वाहन चालक दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ द्वारा जागरुकता रैली निकाली गई। इस दौरान महासमुंद के अलावा अन्य जिलों के वाहन चालक भी मौजूद रहे। रैली के दौरान चालकों में एकता बनाए रखने के नारों के साथ ही आम लोगों से यातायात नियमों का पालन करने, नशे में वाहन नहीं चलाने तथा दुपहिया वाहन चालकों से हेलमेट पहनने की अपील की गई।

विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण, कड़ी मेहनत करने किया प्रेरित

महासमुंद। पिटियाझर स्थित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना प्रशिक्षण केंद्र में नाई लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिन पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा पहुंचे। डॉ. चोपड़ा ने प्रशिक्षण केंद्र में सेन समाज के प्रशिक्षणधारी लोगों से कहा कि नाई का पेशा एक सम्मानजनक और रचनात्मक पेशा है, जिसमें आप लोगों की सेवा करते हैं और उनकी सुंदरता और स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें अपने कौशलों को विकसित करेंगे और अपने पेशे में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे। उन्होंने सलाह देते हुए कहा आप अपने प्रशिक्षकों, साथियों और अपने ग्राहकों से सीखें। एक नाई के रूप में आपको लोगों के साथ बातचीत करनी होगी, उनकी जरूरतों को समझना होगा और उनकी सेवा करनी होगी। अपने काम करने में आपको गर्व महसूस करना चाहिए। अपने ग्राहकों को संतुष्ट करने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए। अपने सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करें। अपने पेशे में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रयास करें। इस दौरान द्वारिका प्रसाद सेन, संजय सेन, मुकेश सेन, छत्रपाल बारीक, खेमराज, सुरेंद्र ठाकुर, प्रेमलाल बारीक, विजय सेन, केशव ठाकुर, देवेंद्र सेन, महेश, काशीराम, मनहरण सेन, तोषण सेन, पुरुषोत्तम सेन, जवाहर लाल सेन आदि उपस्थित रहे।

पोला पर्व आज

महासमुंद। आज सोमवार को जिले भर में पोला पर्व मनाया जाएगा। पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए जिलेवासी एक दिन पूर्व से ही अपनी तैयारी कर रहे हैं। वहीं, पोला पर्व पर मिट्टी से बने हुए नंदिया बैल, चुकी पोरा आदि खरीदने लोग जुटे रहे। खासकर, बच्चों में ज्यादा उत्साह देखने के मिल रहा है, जिससे कुम्हारों के चेहरे भी खिले हुए हैं। नंदिया बैल जहां 40 रुपए से लेकर 200 रुपए तक उपलब्ध है। वहीं, चुकी-पोरा का पूरा सेट 70 रुपए में बेचा जा रहा है।

युवक व पड़ोसियों के साथ मारपीट छह लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम छिलपावन में युवक एवं उनके पड़ोसियो से मारपीट करने की घटना सामने आई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुशार नीलकंठ यादव ने बताया कि रात्रि करीबन 9 बजे वह अपने साथी कमलेश राव के साथ लोकनाथ धीवर के पान ठेला में गुटखा खाने गया था, उसी समय गांव का भूपेंद्र बंजारे भी पान ठेला के पास आया और भूपेंद्र बंजारे के द्वारा मोटर सायकल रेस की बात को लेकर गाली गलौच कर मेरे साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया। इसी बात को लेकर भूपेंद्र बंजारे व उसके परिवार के आसकरण बंजारे, दिलीप बंजारे, सेवक बंजारे, गुरभेज बंजारे, छोटू बंजारे सभी मेरे घर के सामने गली में आकर मेरा नाम लेकर बाहर निकालो उसे मारेंगे कहकर गाली गलौच कर रहे थे, जिसे सुनकर भाई अभय यादव घर से बाहर निकला और गाली गलौच करने से मना किया, जिस पर अभय यादव को छोटू बंजारे ने अपने हाथ में रखे लकड़ी के डंडे से जांघ में मारा व पड़ोसी रामायण पटेल, टीकम पटेल द्वारा बीच बचाव करने आने पर तुम लोग कौन होते हो हमारे बीच में आने वाले कहकर रामायण पटेल को सेवक बंजारे व छोटू बंजारे ने हाथ मुक्का से मारपीट किया तथा टीकम पटेल को आसकरण बंजारे, भूपेंद्र बंजारे, छोटू बंजारे, गुरभेज बंजारे, दिलीप बंजारे के द्वारा गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों पर धारा 115(2), 191(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

सदस्यता अभियान को लेकर शक्ति केंद्रों में हुई भाजपा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान 2 तारीख से लेकर प्रारंभ होना है। जिसमें प्रधानमंत्री सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही पूरे देश में सदस्यता अभियान प्रारंभ हो जाएगा। इसी क्रम में 3 तारीख को प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता दिखाएंगे। सदस्यता अभियान को लेकर पूरे प्रदेश में एक त्योहार सा माहौल है। इसी कड़ी में महासमुंद शहर में भी लगातार बैठकों का दौर जारी है। बीटीआई शक्ति केंद्र एवं एफसीआई शक्ति केंद्र की बैठक पूर्व जिला अध्यक्ष एवं विधानसभा के संयोजक चंद्रहास चंद्राकर के मार्गदर्शन में एवं सदस्यता को लेकर मंडल प्रभारी महेंद्र जैन, जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुधा साहू, भारतीय जनता पार्टी के शहर मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, दिनेश रूपरेला की उपस्थिति में हुई। जिसमें दोनों शक्ति केंद्रों के प्रभारी एवं संयोजक सहसंयोजक मोहन साहू, चंद्रशेखर बेलदार, बूथ प्रभारीगण सुनीता देवांगन, गोपी कन्नौजे, सोनाधर सोनवानी, सुरेखा कंवर, सुरेश साहू, दिलीप असगर, संतोष यादव, पार्षद मुन्ना दीवार, विक्रम सिंह ठाकुर, बंटी शर्मा, राकेश पटवा, घनाराम साहू, धीरज साहू आदि मौजूद रहे।

महेंद्र जैन ने सदस्यता को लेकर समस्त बूथ अध्यक्षों एवं प्रभारी के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को पार्टी की सदस्यता को लेकर बारीकी से जानकारी उपलब्ध कराई। 6 सितंबर से लेकर 14 सितंबर तक प्रथम चरण में ही भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की सदस्यता अभियान पार्टी के कार्यकर्ताओं के मेहनत की बदौलत पूरी हो जाएगी, ऐसा विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने मोबाइल के माध्यम से एवं जिनके पास मोबाइल नहीं है उन्हें पेपर के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी जोड़ने के लिए शहर के लोगों को आवाहन किया। पूर्व जिला अध्यक्ष एवं महासमुंद विधानसभा के संयोजक चंद्रहास चंद्राकर ने अनुरोध किया कि यह एक छोटा सा सदस्य बनाने की कार्यशाला है और इस कार्यशाला के माध्यम से शहर में घूम कर शहर के लोगों को जो भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जुड़े हुए हैं उन्हें भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता दिलाने के लिए हम सभी लोगों को कमर कसना है। बैठक को मोहन साहू एवं सुधा साहू ने भी संबोधित किया। बैठक में लक्ष्मी साहू, राजेश्वरी सिन्हा, राजेंद्र वर्मा, चमन साहू, रूपेश कुमार साहू, रवि रात्रे, नागेंद्र नशीने, हेमलता पटवा, चिंतामणि नेताम, गोविंद नेताम, महेसिया साहू, त्रिवेणी कन्नौजे, विमला ध्रुव, डेरहीन यादव, प्रमिला कन्नौजे, ममता कन्नौजे, ताराचंद साहू, मन्नालाल, खोमेश कमल, कृष्णा पटेल, सूरज साहू, रेवती साहू, मनीष साहू, राजकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

65 लीटर शराब जब्त

महासमुंद। ग्राम मोहंदी के कमार पारा से एक व्यक्ति के घर से 65 लीटर शराब जब्त किया गया। खल्लारी पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद आरोपी प्यारेलाल मिर्धा के घर कब्जे से जुमला 362 पौवा अंग्रेजी, देशी एवं मशाला शराब कुल 65.160 लीटर कीमत 38140 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

छात्राओं के लिए बनी वरदान, समय पर स्कूल पहुंचना होगा अब और आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा नवमीं की बालिकाओं को निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत स्कूल शिक्षा विभाग से प्राप्त साइकिलों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि नवनियुक्त एसएमडीसी अध्यक्ष अमर झा एवं अध्यक्षता प्राचार्य जगदीश प्रसाद पटेल, विशिष्ट अतिथि के रूप में पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष संन्यासी प्रधान एवं सेवानिवृत्ति व्याख्याता शशि भूषण पाढ़ी की उपस्थिति में स्कूली छात्राओं को चाबी सौंपकर साइकिल प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि अमर ने बताया कि यह महत्वाकांक्षी योजना है, जो न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने-जाने में मदद करती है, बल्कि इससे बेटियों की शिक्षा की राह भी आसान होती है। विशिष्ट अतिथि शिक्षक पालक संघ अध्यक्ष संन्यासी प्रधान ने कहा कि यह योजना बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के लिए काफी महत्वपूर्ण एवं सराहनीय है। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता शशिभूषण पाढ़ी ने कहा कि यह साइकिल छात्राओं के सपने को साकार करने में सहायक सिद्ध होगा। प्राचार्य जेपी पटेल ने कहा कि साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान/ खुशी देखकर काफ़ी प्रसन्नता हुई। वास्तव में यह शासन की उन्नत, दूरवर्ती सोच को प्रदर्शित करता है।

अयोध्या में हुआ संतों के सानिध्य में गोदड़ीवाला धाम का भूमिपूजन

रायपुर। अयोध्या के अवधपुरी कालोनी अमानी गंज में संत-महात्मा के सानिध्य में विधि-विधान से मंत्रोच्चार के साथ गोदड़ीवाला धाम का भूमिपूजन हुआ। इसमें प्रमुख रूप से जलगांव साहब से महंत देवीदास, अमर शहीद संत कंवरराम ट्रस्ट के प्रतिनिधि सांई नितिनलाल फैजाबाद, सांई महेशलाल, शिव शांति आश्रम के सांई हरिश लाल, भोजाराम दरबार से सांई ठाकुर दास, रेडियो सिंगर विशनी इसरानी, गुजरात और महाराष्ट्र जलगांव के जाने-माने गायक रतन जादवानी और उनकी टोली विशेष रूप से मौजूद रही। दरअसल, अयोध्या में 20 कमरों से सुसज्जित सर्व सुविधायुक्त गोदड़ीधाम बनेगा। वहां समाज के श्रद्धालुओं के लिए ठहरने व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी।

भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक

महासमुंद। भाजपा के देश व्यापी सदस्यता अभियान को लेकर शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली के मार्गदर्शन में शक्ति केंद्रों में बैठक के तहत इमलीभाठा शक्ति केन्द्र, मां संतोषी शक्ति केंद्र नयापारा में बूथ प्रभारियों की बैठक रखी गई।

सदस्यता अभियान के शहर संयोजक एवं प्रभारी देवीचंद राठी एवं शहर महामंत्री एमआर विश्वनाथन ने बैठक ली। इमलीभाठा शक्ति केंद्र के अंतर्गत बूथ क्रमांक 170, 171, 184, 185, 189 एवं माँ संतोषी शक्ति केंद्र नयापारा के बूथ क्र.182,183,186, 187, 188 की बैठक क्रमशः सुजाता विश्वनाथन निवास एवं सीता टोंडेकर निवास में रखा गया। सदस्यता अभियान के शहर संयोजक, प्रभारी एवं पार्षद देवीचंद राठी ने बूथ प्रभारियों को बताया कि भाजपा संगठन द्वारा सदस्यता अभियान को देश में महापर्व के रूप में मनाया जाना है।

शहर महामंत्री एमआर विश्वनाथन ने कहा कि 2047 विकसित भारत के निर्माण में सदस्यता अभियान मिल का पत्थर साबित होगा। इसी तरह पूर्व पार्षद सुजाता विश्वनाथन, पूर्व पार्षद प्रभा साहू, इमलीभाठा शक्ति केंद्र सदस्यता प्रभारी हनीष बग्गा, मां शक्ति केंद्र सदस्यता प्रभारी सीता टोंडेकर ने भी सदस्यता अभियान को सफल बनाने की बात कही। इस दौरान माखन पटेल, सात्विक वर्मा, अभिषेक पांडे, विनोद चंद्राकर, खिलावन यादव, नईम खान, राजू नामदेव, हुसेना बानो, दिनेश बैहरा, से सोनाई विश्वकर्मा, महेश चौहान, पार्वती साहू, भगवती करकसे आदि मौजूद रहे।

छात्रावास अधीक्षक के लिए हुई पहली टेस्ट परीक्षा

महासमुंद। छात्रावास अधीक्षक परीक्षा 2024 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद के मार्गदर्शन में संचालित नवकिरण अकादमी में छात्रावास अधीक्षक परीक्षा के लिए 05 टेस्ट सीरीज के क्रम में पहला टेस्ट का आयोजन किया गया। जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि छात्रावास अधीक्षक परीक्षा के लिए 5 टेस्ट सीरीज के क्रम में पहला टेस्ट पेपर संपूर्ण सिलेबस पर हुआ। जो कुल 100 नंबर का था। इसमें कम्प्यूटर, हिंदी, अंग्रेजी, गणित, संविधान, इतिहास, भूगोल, अर्थव्यवस्था, सामान्य विज्ञान, समसामयिक घटनाक्रम, छत्तीसगढ़ इतिहास, बाल मनोविज्ञान, योगा, छात्रावास आदि के प्रश्न पूछे गए थे। पहला टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 135 परीक्षार्थियों और अन्य छात्रावास अधीक्षक परीक्षा की तैयारी करने वाले 38 परीक्षार्थियों कुल 173 ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। छात्रावास अधीक्षक परीक्षा के लिए 05 टेस्ट सीरीज के क्रम में दूसरा टेस्ट का आयोजन 03 सितंबर 2024 को संपूर्ण सिलेबस पर आधारित मेगा टेस्ट-2 टेस्ट आयोजित होगा।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय

श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

खरोरा में चलाया गया स्वच्छता अभियान

महासमुंद। ग्राम खरोरा में नयुवक द्वारा सतनाम चौक में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें गोलू, हेमलाल, दुर्गेश, गुरुमुख, प्रमोद, नागेश्वर, प्रवीण, यशवंत, सुनील, झागेश, मयंक, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने सतनाम चौक के आसपास साफ सफाई की गई।

शहर में स्कूली बच्चों ने निकाली स्वच्छता रैली

महासमुंद। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। स्वच्छता रैली को प्रधानपाठक गोमती साहू द्वारा स्वच्छ धरा स्वस्थ धरा के उद्देश्य को लेकर रैली को हरा झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो स्कूल से निकलकर बाजार वार्ड महात्मा गांधी चौक, टाउन हॉल होते हुए वापस स्कूल परिसर में स्वच्छता के शपथ के साथ समाप्त हुआ। इस रैली में बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ पोस्टर और स्लोगन के साथ भाग लिया। वही नागरिकों ने भी बच्चों का अभिनंदन कर उनका उत्साहवर्धन किया। स्वच्छता रैली को सफल बनाने में संकुल समन्वयक सुरेंद्र चंद्राकर शिक्षक, देवेंद्र ठाकुर, मनीषा साहू, बिमलेश्वरी दुबे, नेहा चंद्राकर एवं स्वच्छता दीदी लक्ष्मी साहू का योगदान रहा।

निधन

गंगाधर पदमवार (गुरुजी)

महासमुंद। शहर के बीटीआई रोड निवासी गंगाधर पदमवार (गुरुजी) का स्वर्गवास शनिवार सुबह राजधानी स्थित के एक निजी अस्पताल में हो गया। इनका पार्थिव शरीर दोपहर 1.30 बजे अंतिम दर्शन के लिए निवास लाया गया। जहां से उनकी देह दान की अंतिम इच्छानुसार शरीर को शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय को सौंप दिया गया। वे श्रीमती सिंधु ताई के पति एवं प्रवेश एवं सुरुचि के पिता एवं रितेश पटेल के ससुर थे।

आयोजन: कृष्ण पूजन, झांकी प्रदर्शन, दही लूट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

नंद उत्सव के निमित्त गोकुल-धाम बना बागबाहरा का सशिमं परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परंपरानुसार इस वर्ष भी जन्माष्टमी के अवसर पर नंद-उत्सव 31 अगस्त शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कृष्ण पूजन, झांकी प्रदर्शन, दही लूट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ऊर्मिला पुरोहित थीं। कार्यक्रम की अध्यक्ष विद्यालय संचालन समिति की उपाध्यक्ष श्रद्धा चंद्राकर एवं विशेष अतिथि खुशबू चक्रधारी, हेमकुमारी साहू (सरपंच ग्राम पंचायत कसहीबाहरा) एवं विद्यालय संचालन समिति सदस्य एवं पूर्व वरिष्ठ आचार्य राही शर्मा थीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान कृष्ण का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया। विद्यालय के भैया/बहिनों द्वारा कृष्ण की स्तुति एवं आरती का गायन किया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर संस्कार से परिपूर्ण शिक्षा देने वाला एकमात्र विद्यालय है, जो इस प्रकार के आयोजन करके संस्कार एवं संस्कृति की शिक्षा देता है। इस अवसर पर कारसेवा के लिए अयोध्या जाने वाले कारसेवक प्राचार्य नंदूराम निर्मलकर और आचार्य सुंदर यादव का सम्मान भी अतिथियों ने किया। खो-खो की क्षेत्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित विद्यालय की टीम को विद्यालय की पूर्व प्राचार्य तारा शर्मा और पूर्व आचार्य राही शर्मा ने सम्मानित किया।

नंद उत्सव के निमित्त गोकुल-धाम बने विद्यालय परिसर में भैया/बहिनों द्वारा प्रदर्शित जीवंत झांकियों में कक्षा चतुर्थ/पंचम से गोवर्धन पर्वत, कक्षा षष्ठ से चक्रव्यूह का भेदन (प्रथम), कक्षा सप्तम से सांदीपनी आश्रम, कक्षा अष्टम से कृष्ण का पारिवारिक चित्रण, कक्षा नवम से द्रौपदी स्वयंवर, कक्षा दशम से तुलादान, कक्षा एकादश से दशावतार एवं कक्षा द्वादश से श्री लक्ष्मीनारायण का शेष शैया के जीवंत प्रदर्शन ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारंभ कक्षा चतुर्थ की प्रस्तुति गणेश वंदना से हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत समूह नृत्य, डांडिया, सुआ नृत्य, रक्तबीज थीम (काली माता), शिव तांडव थीम एवं राउत नाचा आकर्षण के केंद्र रहे। तत्पश्चात दही लूट के कार्यक्रम में उपस्थित जनों ने अपनी सहभागिता दिखाते हुए भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन बहन पौरवी देवांगन एवं साधना देवांगन ने किया। अतिथियों एवं अभ्यागत अभिभावकों सहित कार्यक्रम की सफलता में सहयोग करने वाले बंधुओं-भगिनियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सीसी रोड निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने ग्राम मुड़पहार में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान सरपंच दीपक साहू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बाजे गाजे के साथ विधायक नंद का धूमधाम से स्वागत किया। विधायक चातुरी नंद ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि अंचल का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है। गांवों के चहुमुंखी विकास से ही देश और प्रदेश का विकास संभव है। गांवों में रोड, बिजली, पानी समेत मूलभूत सुविधाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है। कार्यक्रम में जनपद सदस्य सरिता प्रधान, पार्षद सुरेश भोई, जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य तन्मय पंडा, विधायक प्रतिनिधि द्वय भरत मेश्राम, अरमान हुसैन, संजय प्रधान, नीलांचल भोई, निर्मल प्रधान, हीरालाल साहू, धनेश्वर चौधरी, हीरालाल प्रधान, सुरेंद्र साहू, भोजराज बारीक, वीरेंद्र साहू, मोहन मिश्रा, सेजदेव बेहरा, नवीन बढ़ाई, हरीश साहू, संतोष, नवल दीप, देवेश दीप समेत ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

तीज मिलन समारोह में शामिल हुई विधायक चातुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद के मुख्य आतिथ्य में नगर में धूमधाम से तीज मिलन समारोह मनाया गया। नगर के क्वींस ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विधायक चातुरी नंद ने भगवान शिव और पार्वती के छायाचित्र में पूजा अर्चना कर की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि इस समारोह से हम सब एक साथ एकत्रित होकर अपनी संस्कृति और परंपरा की रक्षा करते हुए आने वाली युवा पीढ़ी को इससे अवगत कराते है। तीज पर्व का हमारी संस्कृति में विशेष स्थान है। उन्होंने कहा कि कथा के मुताबिक माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए बहुत लंबे समय तक कठोर तपस्यो की थी। उनकी तपस्या से महादेव प्रसन्न हुए थे और फिर भोलेनाथ ने सावन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मां पार्वती को स्वीकार किया था। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य नोवीना अमृत जगत, समाज सेविका अनिता चौधरी, क्वींस ग्रुप की अध्यक्ष रेखा पुरोहित, निरुपमा देवता समेत ग्रुप की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर निकाली गई कलश यात्रा...

महासमुंद। अखिल भारत वर्षीय भारतीय यादव महासभा महासमुंद द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। इस दौरान महासमुंद ब्लॉक से बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग जुटे। रविवार को सुबह यादव महासभा द्वारा श्री राधे कृष्ण मंदिर नया रावण भाठा से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो बरौंडा चौक, नेहरू चौक होते हुए अम्बेडकर चौक से वापस कार्यक्रम स्थल शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन में समाप्त हुई। जहां पर भोजन के पश्चात विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्य संपन्न कराए गए।

तुमगांव में विधायक ने किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

महासमुंद। नगर पंचायत तुमगांव में रविवार को विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ। इसमें सामुदायिक भवन, रंगमंच, मंदिर शेड, तालाब सौंदर्यीकरण, पुलिया निर्माण शामिल है। मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर व उपाध्यक्ष पप्पू पटेल सहित अन्य नेतागण व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

गुरुकुल उन्नयन को लेकर मुख्यमंत्री से भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर से लगभग 25 किमी की दूरी में

- आश्रम तक पहुंच मार्ग और पुलिया निर्माण की भी मांग

वनांचल क्षेत्र में स्थित अलेख महिमा आश्रम और महर्षि दयानंद मठ छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित स्वामी सुमेधानंद वैदिक गुरुकुल कटंगपाली के उत्थान के लिए आश्रम के संस्थापक स्वामी रविंद्र दास महाराज एवं गुरुकुल संचालक ऋषि राज समेत उनकी पूरी संचालन समिति के सर्व महेश मुनि

वानप्रस्थी, चतुर्भुज आर्य, आनंद भोई, संपत जाल, भागीरथी प्रधान आदि पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की और दयानंद मठ चंबा हिमाचल प्रदेश की शाखा के रूप में स्वामी सुमेधानंद वैदिक गुरुकुल कटंगपाली के विकास के लिए चर्चा की गई। साथ ही गुरुकुल आवागमन के लिए मुख्य सड़क से कटंगपाली गुरुकुल आश्रम तक पहुंच मार्ग व मध्य में स्थित नाले पर पुलिया निर्माण किए जाने के लिए पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री साय ने गुरुकुल शुरुआत की प्रशंसा करते हुए स्वामी और गुरुकुल के पदाधिकारियों का सम्मान करते हुए कार्य कराने का आश्वासन दिया।

गोलवलकर स्कूल में छात्राओं को किया सरस्वती साइकिल का वितरण

सरायपाली। गुरु गोलवलकर उमावि सरायपाली में नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमल किशोर अग्रवाल, स्थानीय पार्षद दुर्गा खीरचंद बारी, विष्णु अग्रवाल, बिहारी लाल अग्रवाल, गणमान्य नागरिकों, पालकों और संस्था के समस्त कर्मचारियों की उपस्थिति में निःशुल्क सरस्वती साइकल वितरण योजना के तहत छात्राओं को साइकल वितरित किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 नवंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविध ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

अंकित ने कहा: देश में टैक्स टारगेट का भार पूरी तरह से मध्यम वर्ग की आय पर डाला

टैक्स का आतंक, भाजपा राज का एक खतरनाक चेहरा, यही सच्चाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कहा है कि हिंदुस्तान में टैक्स टारगेट का भार पूरी तरह से मध्यम वर्ग की आमदनी पर डाल दिया गया है। वो मध्यम वर्ग वर्षो से जिसके वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई, कोरोना में नौकरी गई, नई नौकरियां नहीं मिल रही और पेट्रोल, खाने का तेल, रसोई गैस, खाने पीने के अन्य सामानों की कीमतों में वृद्धि मतलब मध्यम वर्ग की कमाई वहीं की वहीं और उस पर टैक्स बेतहाशा बढ़ता हुआ। महंगाई के इस भयंकर दौर में हर चीज़ पर भारी जीएसटी चुका कर गुज़ारा करने वाले मध्यम वर्ग को सोचना चाहिए-क्या आपकी आमदनी बड़े कॉरपोरेट या व्यापारियों से ज़्यादा है? क्या आपको सरकारी सुविधाओं का कोई विशेष लाभ मिल रहा है? कुछ नही मिल रहा ना नहीं ना! तो फिर केंद्र सरकार आपसे ये अंधाधुंध टैक्स वसूली क्यों की जा रही है? केंद्र सरकार ने 2019 में कॉर्पोरेट टैक्स में एक महत्वपूर्ण कमी की थी। नए उत्पादन करने वाली कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट टैक्स की दर 25.17 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दी गई थी। अन्य घरेलू कंपनियों के लिए यह दर 30 से घटाकर 22 प्रतिशत कर दी गई थी। और सबसे बड़ी बात केंद्र की भाजपा सरकार ने 2014 से 2023 तक, भारतीय बैंकों ने 14.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक के ऋणों को राइट-ऑफ किया है। जब जनता को डरा-डरा कर, अपनी मनमानी थोप कर जेब काटी जाए, तो यही है टैक्स का आतंकवाद और उसका चक्रव्यूह। मोदी ने अपने मित्रों की संपत्ति बचाने और बढ़ाने के लिए भारत के मध्यम वर्ग की कमर तोड़ रहे हैं और बड़े-बड़े व्यापारियों के कर्ज माफ कर रहे हैं। टैक्स के पैसे से अडानी, अंबानी के लिए रेल को ठीक कर रहे है, सिर्फ मालगाड़ी चलाने के लिए, टावर लगा रहे जिओ को किराए पर देने के लिए, पेड़ काट रहे अडानी की खदान के लिए। विगत 5 सालों में ही कितने आम जन को टैक्स के दायरे में लाया गया और उनके पैसे से अपने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। 2019 से 2020 में जहां इनकम टैक्स लगभग 5 लाख करोड़ था, वो आज 24-25 में बढ़कर 11 लाख 56 हजार करोड़ का हो गया है, और कॉर्पोरेट टैक्स की कमाई लगभग 6 लाख करोड़ से बढ़ कर मात्र 10 लाख करोड़ ही हुई है, यानी व्यापारियों को लाभ और आमजन से वसूली आज केंद्र की सरकार बिटकॉइन जैसे जुएं पर भी टैक्स कमाई कर रही है जो कि वास्तविकता में अवैध है। आज कोई भी आम व्यक्ति अगर जोड़ेगा तो इनकम टैक्स, जीएसटी, एसटी, सर्विस टैक्स, बैट, सेस मिला कर अपनी मेहनत की कमाई का लगभग 60 प्रतिशत से ज्यादा टैक्स में केंद्र की और राज्य की सरकार को दे रहा है।